


## खबर संक्षेप

### 15 दिनों में घर पहुंचेगा मतदान पहचान पत्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता तक फोटोयुक्त पहचान पत्र 15 दिनों के अंदर-अंदर पहुंचाने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। उन्होंने बताया कि मतदाता के नए पंजीकरण, वर्तमान मतदाता के रूप में किसी प्रकार का बदलाव इत्यादि में संशोधन करने उपरांत यह सेवा उपलब्ध होगी। इसके लिए डाक विभाग के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। इस नए सिस्टम के तहत हर स्टेज पर समय की सही ट्रेकिंग होगी और हर स्टेज पर मतदाता को उसके मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। इससे सेवा व वितरण में सुधार होगा और डाटा सुरक्षा भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मतदाताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है।

### पर्यवेक्षकों ने अधिकांश जिलों में किया काम पूरा

**चंडीगढ़।** सूबे के अधिकांश जिलों में हरियाणा कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने अपना काम पूर्ण कर लिया है। वैसे, संगठन खड़ा करने के क्रम में युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कांग्रेस की ओर से नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने कुछ जिलों को छोड़कर लगभग बीस जिलों में दौरे कर लिए हैं। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद स्वयं जिलों में दौरा करने में लगे हुए हैं। बीके हरिप्रसाद उन जिलों में भी पहुंच रहे हैं, जहां केंद्रीय पर्यवेक्षक काम को पूर्ण कर चुके हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षकों को दूसरी बार अपने कार्यक्षेत्र वाले जिलों में जाना है। कुछ ने एक ही दौरे में जिलाध्यक्ष के लिए छह-छह नामों के पैनल तैयार कर लिए हैं।

### कल पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेंगे कई संगठन

**चंडीगढ़।** न्यूनतम वेतन रिवाइज करने में हो रही देरी के खिलाफ मजदूरों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसलिए प्रदेश भर में मजदूर, कच्चे कर्मचारी, मनरेगा और भट्ठा मजदूर तथा स्कीम वर्कर्स 20 जून को सड़कों पर उतरेंगे और प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन देंगे। उक्त बात सीटू हरियाणा प्रदेश महासचिव जय भगवान ने कही। उन्होंने कहा न्यूनतम वेतन रिवाइज न करके पिछले पांच साल से प्रदेश के लाखों मजदूरों की करोड़ों - अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अब 2025 में रिवाइज किया जाए तो 28- 30 हजार न्यूनतम वेतन बनता है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जीरो टोलरेंस पॉलिसी के तहत सख्त कदम उठाया

# भ्रष्टाचार को तीन श्रेणियों में बांटा, सूची तैयार, राजस्व विभाग में अधिकारियों और कर्मियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीरता दिखाते हुए सूबे की नायब सैनी सरकार राजस्व अफसरों और कर्मियों की सूची तैयार कर ली है। जिसकी संख्या 129 तक पहुंच गई है। अब से पहले यह संख्या 108 थी। इन पर पूर्व में भी मंत्री ने कार्रवाई के संकेत दिए थे। अब संख्या बढ़कर 129 होने के बाद में सभी में हड़कंप मचा हुआ है। आला अफसरों ने इन्हें सभीको तीन श्रेणियों में बांट लिया है। जिसके बाद में कार्रवाई की तैयारी है।

सरकार को सूचीबद्ध अफसरों और कर्मियों के विरुद्ध पुख्ता साक्ष्य मिल चुके हैं। खास बात है कि अधिकांश तहसीलदार, एनटी (नायब तहसीलदार) जिला रेवेन्यू अफसर हैं। जिन्हें रिश्वत संबंधित कथित मामलों और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामलों में चिह्नित कर लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी तक यह मामला पहुंच गया है, जिसके बाद में अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। वहीं भ्रष्टाचारियों पर जुर्माना और डिमोशन जैसे विकल्पों पर विचार हो रहा है। वित्तीय गड़बड़ी करने वाले अफसर रेवेन्यू लॉस नहीं किया गया, पर भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए और इस तरह के अफसर रिटायरमेंट के नजदीक हैं। इन पर भी कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं।

## किसी भी भ्रष्टाचारी को बक्शने के मूड में नहीं सरकार

**सबसे भ्रष्ट**

सरकार ने भ्रष्टाचार की यह पहली श्रेणी बनाई है। इसमें उन रेवेन्यू अफसरों को शामिल हैं। ऐसे अफसर जिन्होंने गलत तरीके से 50 से ज्यादा रजिस्ट्री की हैं। इनके खिलाफ हरियाणा सिविल सर्विस रूल्स के रूल 7 के तहत कार्रवाई की जाएगी। सरकार इन्हें जबरन भी रिटायर तक कर सकती है। ऐसे अफसरों पर पैनी नजरें हैं और सबूत मिलने के बाद ही उनकी सूची तैयार की गई है।

**कम भ्रष्ट**

इस सूची में सरकार ने ऐसे अफसरों को शामिल किया है, जिन्होंने गलत तरीके से 50 से कम रजिस्ट्री कर अवैध रुपया कमाया। इनके खिलाफ सरकार हरियाणा सिविल सर्विस रूल्स के रूल-8 के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है। इस धारा के तहत सरकार अधिकारियों को नोटिस जारी करेगी और बेगुनाही साबित करने का मौका भी देगी। ऐसे अफसरों पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

**वित्तीय गड़बड़ी**

इस तीसरी कैटेगरी में उन अफसरों को शामिल किया गया है, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के रेवेन्यू का नुकसान तो नहीं किया, लेकिन उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सामने आया है कि उन्होंने गलत तरीके से रुपया कमाया है। इसमें अगर कोई अफसर रिटायरमेंट के करीब होगा तो सरकार उस पर साबित हुए आरोपों के हिसाब से उसे राहत भी दे सकती है।

**रजिस्ट्री घोटाला**

### 232 अफसर दोषी पाए गए थे

दरअसल, अधिकारियों ने बिना एनओसी के जमीनों की रजिस्ट्री की और संपत्तियां बनाई। पहले भी नोटिस दिए गए थे। उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। याद दिला दें जुलाई 2020 के कोरोना काल में बड़ा रजिस्ट्री घोटाला सामने आया था। सीईसी रिपोर्ट में 232 अफसर दोषी पाए गए थे, जो भू-माफिया को लाभ पहुंचा रहे थे।

## प्रदेश में अपराध खत्म होना चाहिए, एक हेल्पलाइन बनाकर उसे 112 से लिंक करें : सैनी

*चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान अपराधियों के खिलाफ 'हाई ऑक्टेन अभियान' चलाने और हरियाणा में पुलिस की प्रभावी व उत्तरदायी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुरुक्षेत्र में एक आबकारी लाइसेंसधारी की हत्या की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*



**जिन्हें धमकी रही सुरक्षा दें**

नायब सैनी ने कहा कि जिन लोगों को धमकी या फिरौती संबंधी कॉल मिल रही हैं, उन्हें त्वरित सुरक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसे इमरजेंसी सेवा '112' से लिंक करने के निर्देश दिए गए। कहा कि धरातल पर पुलिस की उपस्थिति ऐसी होनी चाहिए जिससे जनता सुरक्षित महसूस करे।

**आबकारी : नीलामी जल्द हो**

मुख्यमंत्री ने आबकारी नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने और राजस्व को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी नीलामी में, अब तक विभाग 934 आबकारी जोन की नीलामी के साथ अधिकांश आबकारी जोन की नीलामी करने में सक्षम रहा है और पिछले वर्ष के 5037 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार 11,054 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है।

**एसटीएफ मजबूत हो**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंभीर मामलों की नियमित और सख्त निगरानी उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) को और अधिक मैनपावर और संसाधन प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके और कोई भी गैंगस्टर या अपराधी कानून से बच न सके। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, आबकारी एवं कराधान विभाग आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के अच्छे कार्यों का विरोध करना भी कांग्रेस की आदत बन गई : सैनी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में जातिगत जनगणना पर गोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री नायब सैनी

ओबीसी मोर्चा द्वारा मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में जातिगत जनगणना पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिए गए जातिगत जनगणना के फैसले का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज के साथ सही मायने में न्याय किया है। ओबीसी समाज को उनका अधिकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने जो अच्छे काम किए हैं, कांग्रेस उसका विरोध करती रही है, यह कांग्रेस की आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता ने भी आइना दिखा दिया है। सीएम ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह पूरा करके दिखाती है। कार्यक्रम को भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के 11 साल विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं, आज देश का हर नागरिक बदलते हुए भारत का साक्षी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने भी देश की सफलता का श्रेय 140 करोड़ देशवासियों को दिया है।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव सही**

एक राष्ट्र एक चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव मोदी सरकार का सशक्त लोकतंत्र की ओर एक सार्थक कदम है और एक सुधार कार्यक्रम है। एक बार चुनाव होने से देश का पैसा बचेगा जो देश के विकास में लगेगा। सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा है उसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। उन्होंने कहा कि योग जैसी प्राचीन पद्धति हमें उपहार में मिली है। मोदी जी के आह्वान पर पूरी दुनिया योग को अपने जीवन में उतार रही है।


## ऑनलाइन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा: गोयल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व व आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने बुधवार को सिविल सचिवालय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की आईटी एक्टिविटी को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस भाजपा सरकार का एक अहम मुद्दा है। इसी कड़ी को सशक्त करते हुए लोगों की सुविधा के लिए शहरी स्थानीय निकाय द्वारा जिन 31 सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है उन सर्विसेज को और भी प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग को यह सुनिश्चित करना है कि ऑनलाइन सेवाएं हर व्यक्ति के पहुंच में है और इसके प्रबंधन में कोई त्रुटि न आए।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की 103 वर्षीय चाची का निधन



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चाची सुप्रभा देवी का निधन हो गया है। वह 103 साल की थीं। हुड्डा ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भगवान से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम के मारुति रोड स्थित नॉटिंग हिल बैंक्विट हॉल में 22 जून को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक रस्मक्रिया होगी। तमाम परिजन, रिश्तेदार, संबंधी व सभी परिचित उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे।



सुप्रभा देवी

## राइट टू सर्विस एक्ट के तहत शिकायतों का करें समयबद्ध निपटान

**चंडीगढ़।** सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के मुख्य प्रशासकों और प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों तथा उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारियों (एफआरजीए) तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारियों द्वारा, नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों का निपटारा अधिनियम में समय-सीमा में किया जाना अनिवार्य है।

# श्रमिकों के लिए ब्लॉक स्तर पर बनाए जाएंगे हेल्प डेस्क, वन स्टॉप सेंटर के रूप में करेंगे कार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में भवन व अन्य सन्निर्माण के कार्य से जुड़े श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु पूरे प्रदेश में मंडल स्तर (ब्लॉक स्तर) पर हेल्प-डेस्क स्थापित किए जाएंगें। इस संबंध में एक प्रस्ताव को श्री अनिल विज, जो हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन भी है, ने अपनी अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि राज्य में भवन निर्माण में लगे श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन हैल्प-डेस्क को ब्लॉक स्तर पर स्थापित किया जाएगा, जो वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगें। इन हैल्प डेस्क पर श्रमिकों के पंजीकरण, विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने हेतू सहायता, श्रमिकों को जागरूक करना और भवन निर्माण में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं के निवारण के रूप में कार्य होगा। विज ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा इन हैल्प डैस्क सेंटरों के माध्यम से भवन निर्माण से जुडे श्रमिकों हेतू संचालित कल्याणकारी योजनाओं के आवेदनों के प्रंसस्करण में तेज़ी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

**योजनाओं के माध्यम से दी जाती है सहायता**



विज ने बताया कि हरियाणा में भवन निर्माण में लगे श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है जिनमें मातृत्व लाभ 36 हजार रुपये, पितृव लाभ 21 रुपये, पंजीकृत कामगार के बच्चों की शिक्षा हेतु दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत बच्चों की पहली कक्षा से उच्च शिक्षा तक की वार्षिक वित्तीय सहायता 8,000 रुपये से 20,000 रुपये तक, पंजीकृत कामगारों के मेधावी बच्चों के 10वीं/12वी की परीक्षा में 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर 21 हजार रसे 51 हजार छात्रवृत्ति दी जाती है।

## इनेलो ने किया संगठन का विस्तार

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो ने 22 शहरी जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राज्य कार्यकारिणी में नए सदस्य और संयोजक बनाए हैं। शहरी जिला अध्यक्षों में मनोज अग्रवाल को पंचकुला, सुखप्रीत सिंह सेठी को अंबाला, सतीश गर्ग को कैथल, आशुतोष सिंगला को जींद, हरबंस खन्ना को फतेहाबाद, अनिल काठपालिया को भिवानी, विजय जैन को हिसार, राकेश सहगल को रोहतक, रामनिवास सैनी को झज्जर, राकेश जैन को सोनीपत, कपिल बुद्धिराजा को पानीपत, राजेश सिंगला को करनाल, राजेंद्र बजाज को यमुनानगर, संजय उर्फ बिल्लू सरपंच पिन्नवा को मेवात, सुभाष गर्ग कोसली को रेवाड़ी, गंगाराम बजाज को सिरसा, लाला सत्यनारायण गुप्ता को महेंद्रगढ़, हरीश छाबड़ा लाडवा को कुरुक्षेत्र, मनोज गर्ग को दादरी, सुमेश चंदीला को फरीदाबाद, लोकेश को गुरूग्राम और राहुल शर्मा को पलवल का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

### ऊर्जा मंत्री विज बिजली निगमों के अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर

# बिजली व्यवस्था सुधारने पर जोर, 12 घंटे का अपडेट लेंगे विज, एक घंटे से ज्यादा कट लगा तो बताना होगा कारण

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन श्रम मंत्री अब बिजली निगमों उत्तरी व दक्षिण में बिजली के लंबे-लंबे कटों की शिकायतों को लेकर गंभीर दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, निगमों से जुड़े और जिलों में तैनात इंजीनियर्स और अधिकारी सही अपडेट नहीं देकर मामले में लीपापोती करते हैं। इस पर मंगलवार को जहां हरियाणा के बिजली मंत्री अनिल विज ने सभी जिलों में तैनात एसई को साफ साफ आदेश दे दिया है कि वे हर 12 घंटे का अपडेट रिपोर्ट उनको सुबह 11 बजे हर रोज देंगे। इसमें खास तौर पर एक घंटे से ज्यादा कट रहने के हालात में उस स्थिति को स्पष्ट करना होगा कि बिजली एक घंटे से ज्यादा बंद क्यों रही है। इस बारे में सभी अधिकारियों उत्तरी व दक्षिण के अफसरों को लिखित में भेज दिया गया है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश सरकार में ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज के पास पूरे प्रदेश की सूचनाएं आती हैं। जनता से सीधे संपर्क और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फीडबैक भी दिया जा रहा है। भयंकर गर्मी के इस दौर में विभिन्न प्रमुख शहरों, कस्बों से बिजली के लंबे कटों की शिकायत की जा रही हैं। इस बारे में जब जिलों में रिपोर्ट मांगी जाती है, तो मेंटेनेंस अथवा अन्य कोई तकनीकी कारण बताकर मामलों को टाल दिया जाता है। मंत्री विज द्वारा इन मामलों में जनता और अपने हिसाब से अपडेट लेने में लीपापोती और सूचनाएं छिपाने का मामला सामने आया है। इस क्रम में मंत्री विज ने जहां दक्षिण में तैनात कुछ अफसरों को जमकर लताड़ लगाई वहीं साफ कर दिया है कि तथ्यों को छिपाने और गलत सूचना भविष्य में दी, तो उनके विरुद्ध एक्शन होगा। मंत्री ने यह भी कर दिया है कि हर 12 घंटे की रिपोर्ट उनके पास में लिखित में दी जाएगी।

**सुबह 11 बजे हर रोज होगा ब्योरा सामने**



अब ऊर्जा मंत्री अनिल विज के लिखित निर्देशों के बाद में सारा ब्योरा हर रोज सुबह 11 बजे उनके सामने होगा। इसमें भी खासतौर पर प्रदेश के किस शहर और कस्बे, हिस्से में एक घंटे से ज्यादा का कट लगा है। इसकी जानकारी हर सूरत में देनी होगी, एक घंटे से ऊपर अगर बिजली गायब रही है, तो उसका कारण भी लिखित में देना होगा। कुल मिलाकर मंत्री विज अब खुद ही बिजली कटों की मॉनिटरिंग करेंगे साथ ही सूचनाएं छिपाने और गलत सूचना देने व लीपापोती करने वालों की खैर नहीं है।

**दक्षिण एक एसई को लगाई फटकार**



प्रदेश के ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज अब बिजली निगमों के इंजीनियर्स की कार्यप्रणाली को लेकर थोड़े खफा दिखाई दे रहे हैं। विज ने सही अपडेट और जानकारी नहीं देने वाले हिसार हांसी क्षेत्र के एसई को चेतावनी दी साथ ही आने वाले समय के लिए सही जानकारी देने का निर्देश दिया है। मंत्री ने एक घंटे से ज्यादा देर तक बिजली बंद होने की सूरत में हर रोज रात्रि 11 बजे से लेकर अगले रोज 11 बजे तक के हालात बताने होंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जवाबदेही तय हो : आरती



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने आज अपने चंडीगढ़ आवास पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक तथा झज्जर, गुरुग्राम और सोनीपत के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के विस्तृत आकलन के साथ-साथ तीनों जिलों में संसाधनों की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने जमीनी स्तर पर मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा की और स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा की। कुमारी आरती सिंह राव ने सेवा वितरण में संवेदनशीलता और जवाबदेही के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, उत्तरदायी और रोगी-केंद्रित हों, खासकर वंचित और दूरदराज की आबादी के लिए आसानी से मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रत्येक नागरिक की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक सुविधा कुशलतापूर्वक काम करे और प्रत्येक योजना अपने इच्छित लाभार्थी तक पहुंचे।

